दैनिक भास्कर
बांका 29-01-2026

जानकीपुर दुर्गास्थान में मंदिर पुनर्निर्माण के लिए पूजा-अर्चना

बांका| ओढ़ैय जानकीपुर दुर्गास्थान में मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर माता दुर्गा से अनुमति प्राप्त करने के उद्देश्य से विधि-विधानपूर्वक फूलाइस पूजा का आयोजन किया गया। यह पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मान्यता है कि किसी भी शुभ एवं बड़े कार्य की शुरुआत से पूर्व माता से अनुमति लेना आवश्यक होता है, ताकि कार्य निर्विघ्न और मंगलमय ढंग से पूर्ण हो सके। पूजा-अर्चना का संचालन क्षेत्र के प्रसिद्ध पुरोहित शिव कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता दुर्गा की आराधना कराई और मंदिर पुनर्निर्माण कार्य के सफल होने की कामना की। इस दौरान माता को फूल, अक्षत, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित किया गया। फूलाइस पूजा के माध्यम से देवी से संकेत और आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं और आयोजन से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। खास तौर पर मुकेश कुमार घोष और कुणाल कुमार घोष मौके पर मौजूद रहे और पूजा-अनुष्ठान में सक्रिय रूप से भाग लिया।